

## गुस्ताखी माफ

अब डरकर कानून से, मत रहना चुपचाप।
बे-खटके मां-बहन की, कर सकते अब आप।
कर सकते अब आप, कीजिए बोल-बुलैया।
महामहिम ने कहा, नहीं यह क्राइम भैया।
कह साहिल कविराय, गालियां दीजे जमकर।
मत रहना चुपचाप, अदालत से अब डरकर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 192 | MONDAY 20-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# जिम में हार्ट अटैक से गिरे नामी डॉक्टर, चिकित्सकों की तत्परता से मिला नया जीवन

## डॉ. वांडर और डॉ. बिशव मोहन ने मिनटों में शुरू किया गोल्डन आवर उपचार, स्टेंट संभव न होने पर डॉ. सरजू रल्हन ने की ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय' कहावत शनिवार सुबह सतलुज क्लब के जिम में उस समय सच साबित होती नजर आई, जब एक्सरसाइज करते हुए शहर के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नवजोत सिंह चुग को अचानक गंभीर हार्ट अटैक आ गया। हालत इतनी गंभीर हो गई कि वह बेसुध होकर जिम में ही गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन वहां व्यायाम कर रहे न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राजेंद्र बंसल की सूझबूझ, डीएमसी अस्पताल के डॉक्टरों की तत्परता और समय पर की गई ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी ने उन्हें नया जीवन दे दिया। सतलुज क्लब के जनरल सेक्रेटरी डॉ. आशीष आहूजा ने बताया कि शनिवार सुबह डॉ. नवजोत सिंह चुग जिम में नियमित एक्सरसाइज कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक कार्डियक अरेस्ट हुआ और वह जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद कुछ



Dr Navjot Singhchugh

पल के लिए वहां मौजूद लोग घबरा गए। तभी जिम में मौजूद डॉ. राजेंद्र बंसल ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कदम उठाया।

डॉ. बंसल ने जिम हेल्पर राजू की मदद से डॉ. चुग को अपनी निजी कार में बैठाया और बिना समय गंवाए डीएमसी



Dr Rajinder Bansal

अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही डॉ. वांडर और डॉ. बिशव मोहन भी कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मरीज का गोल्डन आवर उपचार शुरू कर दिया। दोनों डॉक्टरों और अस्पताल की मेडिकल टीम ने तत्काल जांच तथा जीवनरक्षक उपचार शुरू कर मरीज की स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया।

जांच के दौरान सामने आया कि डॉ. नवजोत सिंह चुग की हृदय धमनियों में अत्यधिक कैल्सिफिकेशन था। धमनियां सख्त और जटिल स्थिति में होने के कारण उनमें स्टेंट डालना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. सरजू रल्हन को बुलाया गया।

डॉ. सरजू रल्हन ने मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद बिना देरी किए ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी करने का निर्णय लिया। उनकी टीम ने तत्काल ऑपरेशन शुरू किया और सफल बाईपास सर्जरी कर डॉ. नवजोत सिंह चुग की जान बचा ली। चिकित्सकों का मानना है कि अस्पताल पहुंचने और इलाज शुरू होने में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति जानलेवा हो सकती थी। डॉ. राजेंद्र बंसल द्वारा समय रहते अस्पताल पहुंचाने, डॉ. वांडर और डॉ. बिशव मोहन द्वारा गोल्डन आवर में उपचार शुरू करने तथा डॉ. सरजू रल्हन द्वारा चुनौतीपूर्ण बाईपास सर्जरी सफलतापूर्वक करने से मरीज को नया जीवन मिला।

ऑपरेशन के बाद डॉ. नवजोत सिंह चुग की हालत में तेजी से सुधार हुआ। रविवार को वह अपने परिवार के साथ खुशी के पल साझा करते नजर आए। उनके परिवार ने डॉ. राजेंद्र बंसल, डॉ. वांडर, डॉ. बिशव मोहन, डॉ. सरजू रल्हन, डीएमसी अस्पताल की मेडिकल टीम और जिम हेल्पर राजू का आभार व्यक्त किया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर मरीज को अस्पताल पहुंचाना, गोल्डन आवर में उपचार शुरू करना और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सही निर्णय लेना मरीज की जान बचा सकता है।

# आप की बिजली नीति से पंजाब इंडस्ट्री आमने-सामने

## एमएसएमई बनाम फर्नेस विवाद गहराया, औद्योगिक मुद्दे के साथ सियासी चर्चाएं भी तेज

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। पंजाब सरकार की बिजली प्रबंधन नीति ने लुधियाना के उद्योग जगत में नई बहस छेड़ दी है। लगातार तीसरे दिन कैटेगरी-2 औद्योगिक फीडरों पर रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक लागू बिजली कटौती के बाद एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) से जुड़े संगठन सरकार के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। उनका आरोप है कि छोटे उद्योगों को बिजली संकट झेलना पड़ रहा है, जबकि फर्नेस इंडस्ट्री को प्राथमिकता दी जा रही है। इस विवाद के चलते अब लुधियाना का उद्योग जगत दो धड़ों में बंटता नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम



ने राजनीतिक गलियारों में भी चचाओं को जन्म दे दिया है। औद्योगिक हलकों में चर्चा है कि बिजली संकट का मुद्दा उठाने वाले कुछ प्रमुख उद्योग नेता विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े हुए हैं। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लुधियाना दौरे के दौरान इन्हीं उद्योग नेताओं में से एक द्वारा बड़े स्तर पर उद्योगपतियों की बैठक आयोजित करवाई गई थी, जिसके बाद अब सरकार के खिलाफ बिजली को लेकर तेज विरोध को कई लोग राजनीतिक नजरिए से भी देख रहे हैं।

ताजपुर रोड इंडस्ट्री एसोसिएशन के सचिव बॉबी जिंदल ने सरकार पर आरोप लगाया कि एमएसएमई सेक्टर के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका कहना है कि लगातार बिजली कटौती से उत्पादन, निर्यात और हजारों श्रमिकों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से सभी उद्योगों के लिए समान और पारदर्शी बिजली नीति लागू करने की मांग की। हालांकि, उद्योग जगत का दूसरा वर्ग मानता है कि बिजली संकट वास्तविक है, लेकिन इसे राजनीतिक रंग मिलने से उद्योगों की एकजुटता कमजोर हो सकती है। उनका कहना है कि यदि उद्योग संगठन अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं के आधार पर मुद्दे उठाएंगे तो सरकार के साथ समाधान निकालना और कठिन हो जाएगा।

फिलहाल यह मामला केवल बिजली संकट तक सीमित नहीं रह गया है। औद्योगिक और राजनीतिक दोनों हलकों में यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या यह विरोध पूरी तरह उद्योगों के हित में है या इसके पीछे भविष्य की राजनीतिक रणनीति भी काम कर रही है? सरकार की ओर से अब तक इस विवाद पर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन ने डी.बी.ए लुधियाना के आंदोलन को दिया पूर्ण समर्थन, दो दिन रहेगा 'नो वर्क डे'



लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन (सेल्स टैक्स), लुधियाना के अध्यक्ष अरुण कंवल, सचिव अशोक वढेरा, उपाध्यक्ष चंदर सहगल, वित्त सचिव प्रिंस विवेक तथा संयुक्त सचिव सुतीक्ष्ण टंडन के नेतृत्व में आज एसोसिएशन की एक अर्जेंट बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डी.बी.ए), लुधियाना द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एल.ए.डी.सी) सिस्टम के विरोध में चलाए जा रहे आंदोलन का पूर्ण समर्थन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान अरुण कंवल ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन हमेशा से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है और भविष्य में भी बार के हितों एवं अधिवक्ताओं के अधिकारों से जुड़े हर मुद्दे पर मजबूती से साथ देगी। उन्होंने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एल.ए.डी.सी) सिस्टम के विरोध में चल रहे संघर्ष में भी टैक्सेशन बार पूरी एकजुटता के साथ भाग लेगी।

## क्या ₹1,000 का वादा किसी शर्त के साथ आता है: पात्रता

चुनाव के वादे फि ल्म के ट्रेलर जैसे होते हैं। वे सबसे अच्छे सीन दिखाते हैं। डिस्क्लेमर (शर्तें) बाद में आते हैं। जब आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचार किया, तो संदेश बहुत सीधा और साफ था: 18 साल से ज्यादा उम्र की हर महिला को हर महीने ₹1,000। यह एक ऐसा नारा था जिसमें हँ३२अस्त्रस्त्र फॉरवर्ड जैसी खूबी थी—छोटा, याद रहने वाला और जिसे गलत समझने की कोई गुंजाइश नहीं थी।


संदीप शर्मा, सम्पादक

फिर सरकार चलाने की बारी आई। और सरकार चलाना, चुनावी रैलियों से अलग, छोटी-छोटी शर्तों (फुटनोट्स) पर ध्यान देता है। इस स्कीम के लिए जारी नोटिफि केशन में उन लोगों के बारे में क्या कहा गया है जिन्हें बाहर रखा गया है? इनकम-टैक्स देने वाले? बाहर। सरकारी कर्मचारी? बाहर। पेंशन पाने वाले? बाहर। जन-प्रतिनिधि? बाहर। अचानक, ₹हर महिला₹ वाला वादा किसी वादे जैसा कम और किसी मोबाइल ऐप की उन शर्तों जैसा ज्यादा लगने लगा है जिन्हें कोई तब तक नहीं पढ़ता जब तक सब्सक्रिप्शन का पैसा कट न जाए।

सरकार को कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सही लोगों तक पहुँचाने का पूरा अधिकार है। जनता का पैसा सीमित होता है, और कोई भी प्रशासन कहीं न कहीं एक सीमा तय किए बिना फायदे नहीं बाँट सकता। यही अर्थशास्त्र है।

लेकिन राजनीति बिल्कुल अलग विषय है।

राजनीति सादगी को इनाम देती है। नौकरशाही अपवाद (exceptions) निकालने में माहिर होती है। प्रचार के दौर और सरकारी फाइल के बीच कहीं न कहीं, ₹हर महिला₹ वाले वादे के साथ एक स्टार ( ) या शर्त जुड़ गई।

अब जरा हजारों घरों में होने वाली बातचीत के बारे में सोचिए।

'क्या उन्होंने हर महिला से वादा नहीं किया था?'

'हाँ, ऐसा ही तो था।'

'तो मुझे क्यों नहीं?'

'क्योंकि आप उन लोगों में आती हैं जिन्हें बाहर रखा गया है।'

'क्या मैं राज्य की चीफ सेक्रेटरी हूँ या हरसिमरत कौर बादल जितनी अमीर हूँ?'

यहाँ एक अजीब विडंबना है। जिन महिलाओं को बाहर रखा गया है, वे सभी करोड़पति नहीं हैं। कई तो सैलरी पाने वाली प्रोफेशनल हैं जो एटक बच्चों की स्कूल फीस, बूढ़े माता-पिता की देखभाल और किराने के बिलों—जो सेंसेक्स से भी तेजी से बढ़ रहे हैं—को संभालने में जुटी हैं। ऐसा लगता है कि उनका गुनाह बस इतना है कि वे इनकम-टैक्स रिटर्न भरती हैं। कुछ तो इनकम-टैक्स रिटर्न भी नहीं भरतीं। वे बहुत कम कमाती हैं, फिर भी उन्हें बाहर रखा गया है।

बेशक, सरकार यह तर्क दे सकती है कि जो लोग टैक्स देते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होती है। यह एक ऐसी नीति है जिसका बचाव किया जा सकता है। लेकिन अगर पात्रता सूची बनने के बाद के बजाय वोट की गिनती से पहले ही यह बात समझा दी गई होती, तो यह और भी मजबूत राजनीतिक कदम होता।

असली मुद्दा ₹1,000 का नहीं है। यह चुनावी वादे और सरकारी नोटिफिकेशन के बीच का फर्क है। एक ने सबको साथ लेकर चलने की बात की; तो दूसरे ने पात्रता या योग्यता की शर्तें रखीं। शायद अगला चुनाव प्रचार का एक नया तरीका लेकर आए। हर वादे के साथ, आखिर में एक छोटी सी आवाज यह भी कह सकती है: 'शर्तें लागू।'

तब तक, कई महिलाएँ शायद यह सोचती रहेंगी कि क्या उन्होंने वादे को गलत समझा—या वादे ने उन्हें गलत समझा।

क्योंकि राजनीति में यादें चुनिंदा होती हैं, वादे लचीले होते हैं, और बारीक शर्तें हमेशा तालियाँ बजने के बाद ही लिखी जाती हैं।

# फॉर्च्यूनर तो खड़ी रही, पहिए 'लुधियाना दर्शन' पर निकल गए!

### डीसी आवास से चंद कदम दूर ईंटों पर टिकी मिली लग्जरी कार, वायरल तस्वीर ने सुरक्षा दावों की हवा निकाली



लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। शहर में अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं या फिर मामला कुछ और है—यह तो जांच के बाद ही साफ होगा, लेकिन डीसी आवास से कुछ ही कदमों की दूरी पर ईंटों के सहारे खड़ी एक फॉर्च्यूनर ने पूरे शहर में नई चर्चा छेड़ दी है। कार अपनी जगह सुरक्षित खड़ी दिखाई दी, मगर उसके चारों पहिए गायब थे। वीआईपी इलाके से सामने आई यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो लोगों ने कानून-व्यवस्था पर तीखे सवाल दागने शुरू कर दिए।

किसी ने तंज कसा, 'फॉर्च्यूनर बच गई, बस पहिए शहर घूमने निकल गए।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'स्मार्ट सिटी में अब लग्जरी गाड़ियों की पार्किंग ईंटों पर होगी।' वहीं कई लोगों ने चुटकी लेते हुए कहा, 'जब डीसी आवास के पास यह हाल है, तो आम आदमी अपनी गाड़ी कहां खड़ी करे?'

तस्वीर ने पुलिस गश्त, सीसीटीवी निगरानी और वीआईपी क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि जिस इलाके में अधिकारियों की लगातार आवाजाही रहती है, वहां किसी वाहन का चारों पहियों के बिना मिलना सामान्य बात नहीं मानी जा सकती।

हालांकि अभी तक यह आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पहिए चोरी हुए हैं या किसी अन्य कारण से उतारे गए थे। पुलिस अथवा वाहन मालिक की ओर से भी कोई पुष्टि सामने नहीं आई है। इसके बावजूद वायरल तस्वीर ने शहरवासियों को यह कहने का मौका जरूर दे दिया—

'अपना लुधियाना राम भरोसे, गाड़ी आपकी- पहिए किसके, कोई भरोसा नहीं!'

# ट्रैक्टर स्पेयर पार्ट्स कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप, तीन पर केस दर्ज

### बैक्स इंटरनेशनल ट्रैक्टर पार्ट्स कारोबार से जुड़ा मामला, शिकायतकर्ता गगन जिंदल ने दर्ज कराई एफआईआर




लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। शहर में ट्रैक्टर स्पेयर पार्ट्स के कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। दयाल नगर, घुमार मंडी निवासी कारोबारी गगन जिंदल की शिकायत पर पुलिस ने बैक्स इंटरनेशनल ट्रैक्टर पार्ट्स से जुड़े प्रवीण दादू, दर्पण दादू और पूजा दादू के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने अधिक मुनाफे का भरोसा देकर करोड़ों रुपये का निवेश कराया और बाद में अधिकांश रकम लौटाने से इंकार कर दिया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता गगन जिंदल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ट्रैक्टर स्पेयर पार्ट्स के कारोबार में 3 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये का निवेश किया था। आरोप है कि उन्हें केवल 27 लाख 50 हजार रुपये ही वापस किए गए, जबकि शेष करीब तीन करोड़ रुपये लगातार मांगने के बावजूद वापस नहीं लौटाए गए।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी प्रवीण दादू, दर्पण दादू और पूजा दादू प्रतिष्ठित भूषण स्टील ग्रुप परिवार से संबंधित हैं। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) और 61(2) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी के अनुसार बैंक खातों, निवेश संबंधी दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और अन्य साक्ष्यों की गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पड़ोस का दायरा सिमटा: बलूचिस्तान ने आजादी का ऐलान किया




चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। बलूच राष्ट्रवादी नेता मीर यार बलूच के एक नए बयान ने, जिसमें दावा किया गया है कि बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजादी का ऐलान कर दिया है, दक्षिण एशिया के सबसे पुराने अलगाववादी आंदोलनों में से एक की ओर फिर से दुनिया का ध्यान खींचा है। हालाँकि इस घोषणा पर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है और पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र या किसी भी विदेशी सरकार ने इसे मान्यता नहीं दी है।

कई सार्वजनिक बयानों में, मीर यार बलूच ने दावा किया कि खुद को ₹बलूचिस्तान गणराज्य₹ घोषित करने वाले इस क्षेत्र ने अपना झंडा, राष्ट्रगान और मुद्रा अपना ली है, साथ ही प्रशासनिक संस्थाएँ भी स्थापित कर ली हैं। उन्होंने भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान को आधिकारिक तौर पर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी की। इन दावों में यह बात भी शामिल है कि अलगाववादी ताकतों का प्रांत के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण है, हालाँकि स्वतंत्र रूप से इनकी पुष्टि नहीं हुई है।



पेज 06 दुःखी-दीन की सहायता करना, समाज में शुभ...

# शिकायत के कुछ घंटों में रुका सड़क निर्माण, बारिश में काम पर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट ने दिखाई सख्ती

## गुणवत्ता पर उठे सवाल के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी, ठेकेदार को चेतावनी–मानकों से समझौता हुआ तो होगी रिकवरी

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। शहर के शहीद भगत सिंह नगर (475 एकड़ स्कीम) में बारिश के दौरान सड़क निर्माण का मामला सामने आने के बाद इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया। आरटीआई एक्टिविस्ट की शिकायत के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और साफ कर दिया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



जानकारी के अनुसार, जी-ब्लॉक में सड़क निर्माण कार्य बारिश के बीच जारी था। इस पर आरटीआई एक्टिविस्ट अरविंद शर्मा ने शिकायत दर्ज कराते हुए सवाल उठाया कि लगातार बारिश के दौरान सड़क निर्माण तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं है और इससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। शिकायत मिलते ही इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर ने अधिकारियों को मौके पर भेजा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एहतियातन सड़क निर्माण का कार्य तुरंत बंद करवा दिया। इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर विक्रम कुमार ने बताया कि ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य केवल मौसम अनुकूल होने और निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित होने के बाद ही दोबारा शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि बारिश के कारण सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हुई है या निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई है तो संबंधित ठेकेदार से पूरी क्षतिपूर्ति करवाई जाएगी। ट्रस्ट पूरे मामले की तकनीकी निगरानी कर रहा है और किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई को सार्वजनिक धन से होने वाले विकास कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# साउथ सिटी में आधी रात गोलियां चलाकर फरार हुए बदमाश, CCTV ने बढ़ाई चिंता

लुधियाना/यूटर्न, 19 जुलाई। शहर के पॉश इलाके साउथ सिटी रोड पर गुरुवार (16 जुलाई) देर रात करीब 12 बजे हुई सरेआम फायरिंग की घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेस्तरां के बाहर काले रंग की कार में आए बदमाशों ने बीच सड़क पर रुककर गोलियां चलाई और आराम से फरार हो गए। फायरिंग के दौरान एक गोली वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड के बीट बॉक्स में जा लगी। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस मामले में कारोबारी स्पर्श कोठारी की शिकायत पर पीएयू थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन घटना के 48 घंटे बाद भी न तो किसी आरोपी को नामजद किया गया है और न ही किसी की गिरफ्तारी हो सकी है। इससे स्थानीय लोगों और कारोबारियों में रोष के साथ-साथ भय का माहौल बना हुआ है।



**CCTV फुटेज ने बढ़ाई वारदात की गंभीरता...**घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। फुटेज में कथित तौर पर दिखाई दे रहा है कि ब्लैक कार सवार पहले मौके पर रुकते हैं, फिर फायरिंग करते हैं और बिना किसी हड़बड़ी के वहां से निकल जाते हैं। लोगों का कहना है कि वारदात का तरीका किसी आकस्मिक झगड़े का नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश की ओर इशारा करता है।

# करोड़ों रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में उलझा मुकेश स्टील ग्रुप परिवार , बैंक लोन के दुरूपयोग से बन सकता है मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## एक मैमब्र की शिकायत पर के कई मैमब्र गिरफ्तार, जांच का दायरा बढ़ा

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। लाडोवाल क्षेत्र में करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुकेश स्टील ग्रुप के डायरेक्टरों प्रदीप गुप्ता ,संदीप गुप्ता सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला करीब 12 एकड़ भूमि के कथित फर्जीवाड़े से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई के बाद कारोबारी और राजनीतिक हलकों में भी इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। चर्चाएं है की जमीन की मालकियत में बड़े राजनेता की भी भूमिका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेन लाडोवाल हाईवे के समीप स्थित करीब 12 एकड़ जमीन के कथित धोखाधड़ी मामले में शिकायतकर्ता दीपक गुप्ता की शिकायत पर जांच शुरू की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जमीन के सौदे में गंभीर अनियमितताएं और धोखाधड़ी की गई। दीपक गुप्ता अनुसार उनके भाइयों ने तहसीलदार और पटवारियों से मिलकर दस्तावेजों और सरकारी रिकार्ड से छेड़छाड़ की है ऐसे में कई बड़े प्रभावशाली एवं रसूकदारों की भी शमूलियत रही है।

चर्चा है की कई बड़े धन्ना सेठों और रसूकदारों द्वारा पंचायती और पारिवारिक तौर पर आपसी समझौता करवाने के प्रयास किए गए है लेकिन दीपक गुप्ता और भाइयों प्रदीप गुप्ता संदीप गुप्ता में आपसी सहमति ना बनने से मामला बिगड़ता गया और कानूनी कार्यवाही का स्वरूप लगाया।








### क्या मनी लॉन्ड्रिंग के तहत होगी जाँच !

चर्चा है की मुकेश स्टील ग्रुप पर कई बैंकों की भी बड़ी देनदारी है वही मैनेजमेंट ने बिजनेस लोन के रूप में लिए लोन राशि को अवैध रूप से डायवर्सिफिकेशन के जरिए जमीनों की खरीदारी में इस्तेमाल किया, जिसकारण मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जाँच की जा सकती है। वही जमीन की कीमतें आज आसमान छू रही है इसी को लेकर पारिवारिक सदस्यों में भी आपसी विवाद हो गया है । ऐसे में कानूनी शिकंजे में फंसने के बाद लोन रिकवरी के उद्देश्य से वित्तीय संस्थाएं एवं केंद्रीय जाँच एजंसिया भी सतर्क हो सकती है।

## प्रॉपर्टी में बड़े राजनेता की भूमिका से गरमाया मुद्दा

मुकेश स्टील एवं स्ट्रिप परिवार के 12 एकड़ भूमि के कथित फजीवाड़े मामले के तार बड़े राजनेता से जुड़े होने की चर्चाएं है। चर्चा है की जमीन की मालकियत में जाने अनजाने बड़े राजनेता के पारिवारिक सदस्यों के भी नाम शुमार है ऐसे में चुनावी माहौल में अगर कानूनी दांव पेच उलझते है तो मुद्दा गहरा सकता है। हालाँकि मामले की सच्ची आगामी जाँच के बाद ही सामने आएगी।

जांच के दौरान पुलिस ने रघुनाथ हॉस्पिटल के ट्रस्टी और श्री दुर्गा माता मंदिर जगराउ पुल के ट्रस्टी किशन चंद गुप्ता के बेटों तथा मुकेश स्टील ग्रुप परिवार के डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता और संदीप गुप्ता सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब मामले से जुड़े दस्तावेजों, जमीन के रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस कथित जमीन सौदे में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा क्या इसमें किसी अन्य व्यक्ति या प्रभावशाली नेटवर्क की भूमिका रही है। मामले में आगे और गिरफ्तारियां होने की भी संभावना जताई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ाई जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में नए तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहाली में सेक्टर-89 के लोगों ने खुद संभाली सफाई की कमान, निगम से मांगी बेहतर व्यवस्था

मोहाली/यूटर्न/19 जुलाई। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की पहल करते हुए सेक्टर-89सी एवं 89डी के निवासियों ने रविवार को संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। वेलफेयर सोसायटी फॉर रेजिडेंट्स (आरडब्ल्यूएस), ब्लॉक-सी, सेक्टर-89 के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर सड़कों, पार्कों, खुले स्थानों और बाजार क्षेत्र की सफाई की।



अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने नालियों और सीवरेज गलियों में जमा प्लास्टिक, मिट्टी व अन्य कचरा हटाया। साथ ही दुकानदारों और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा डस्टबिन का नियमित उपयोग करने के लिए जागरूक किया।

इस मौके पर वेलफेयर सोसायटी फॉर रेजिडेंट्स, सेक्टर-89सी के अध्यक्ष तिलक राज तथा रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-89डी के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि लोग स्वयं जागरूक होकर सफाई का संकल्प लें तो क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

दोनों पदाधिकारियों ने नगर निगम, मोहाली से बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक डस्टबिन लगाने, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, नालियों की समय-समय पर सफाई कराने तथा अन्य बुनियादी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

अभियान के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने भविष्य में भी ऐसे स्वच्छता अभियान नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प लिया।

# एफसीआई भ्रष्टाचार के दो मामलों में 17 दोषी, 6 महीने से 3 साल तक की सजा

## 2004-05 के खरीद सीजन में घटिया चावल स्वीकार करने का मामला

मोहाली/यूटर्न/19 जुलाई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वर्ष 2004-05 के खरीद सीजन के दौरान हुए भ्रष्टाचार के दो मामलों में बड़ा फैसला सुनाते हुए 17 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोषियों को छह महीने से लेकर तीन वर्ष तक की कारावास और 10 हजार से 20 हजार रुपये तक के जुर्माने की सजा सुनाई है।

दोषियों में एफसीआई के नौ तत्कालीन अधिकारी एवं कर्मचारी और आठ निजी व्यक्ति, जिनमें राइस मिल संचालक भी शामिल हैं। अदालत ने पाया कि अधिकारियों ने निजी राइस मिल मालिकों के साथ मिलीभगत कर निर्धारित मानकों से कम गुणवत्ता वाले चावल स्वीकार किए, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। इस केस

- नौ एफसीआई अधिकारी और आठ निजी व्यक्ति दोषी
- चार आरोपी बरी, कई के खिलाफ कार्रवाई पहले ही समाप्त

की पैरवी सीबीआई के सरकारी वकील अनमोल नारंग ने की।

पहला मामला फरीदकोट जिला कार्यालय के अधीन निहाल सिंह वाला केंद्र और दूसरा मामला मुक्तसर केंद्र से संबंधित था। निहाल सिंह वाला मामले में तत्कालीन एजी जसवीर सिंह, तत्कालीन एएम अमरजीत सिंह बराड़, डिप्टी मैनेजर आजाद सिंह, जिला प्रबंधक राकेश रंजन, वरिंदर कुमार, परवीन कुमार, तरसेम लाल दोषी को दो साल कैद तक की सजा सुनाई गई। वहीं निजी व्यक्ति यों में संजीव कुमार को सबसे अधिक तीन वर्ष की सजा मिली। मुक्तसर केंद्र से जुड़े मामले में तत्कालीन तकनीकी सहायक तारा चंद खत्री, हरी राज अरोड़ा, एएम परम दास, अधिकारी इंद्रजीत अरोड़ा, एएम (क्यूसी) वी.के. मिश्रा, जिला प्रबंधक राकेश रंजन और निजी व्यक्तियों अमनदीप (एमएस हरगोविंद राइस मिल्स के भाईवाल), रामपाल, रवि कुमार और जोगिंदर पाल को भी दोषी ठहराया गया। इनमें अमनदीप और रवि कुमार को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई गई है, जबकि बाकियों को दो वर्ष की सजा हुई है। अदालत ने आजाद सिंह (एक अन्य आरोप), रोहित कुमार, सुरेंद्र कुमार और अशोक कुमार को आरोपों से बरी कर दिया। वहीं कुछ आरोपियों के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही कार्रवाई रद्द कर चुका था, जबकि कुछ आरोपियों की मुकदमे के दौरान मृत्यु होने पर उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

# बॉडी-वॉर्न कैमरों के साथ एमसी की सख्ती, अवैध वेंडिंग पर चला अभियान; 78 चालान काटे





चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। नगर निगम चंडीगढ़ ने अवैध वेंडिंग और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए पहली बार बॉडी-वॉर्न कैमरों से लैस प्रवर्तन टीमों को मैदान में उतारा। अभियान के दौरान 78 चालान किए गए, जबकि कई स्थानों से अवैध कब्जे और वेंडिंग हटाई गई। नगर निगम की प्रवर्तन शाखा ने शनिवार को सेक्टर-26, सुखना लेक, रॉक गार्डन, नाका बैरियर, सेक्टर-22 और सेक्टर-47 में कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व सब-इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों ने किया, जिनके पास बॉडी-वॉर्न कैमरे थे। इन कैमरों के जरिए पूरी कार्रवाई रिकॉर्ड की गई, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी विवाद की स्थिति में प्रमाण उपलब्ध हो सके। अभियान के दौरान सार्वजनिक रास्तों पर बाधा बन रहे अवैध रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# राजस्थान से 22 किलो चूरा पोस्त की खेप लेकर पंचकूला पहुंचा तस्कर गिरफ्तार, ट्रक से बरामद हुआ नशा

कपिल नागपाल



पंचकूला/यूटर्न/19 जुलाई। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंचकूला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान से ट्रक में लाई जा रही 22 किलोग्राम चूरा पोस्त की खेप बरामद की है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर अदालत से पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरचरण सिंह उर्फ गुड्डू (60) निवासी पिंजौर, जिला पंचकूला के रूप में हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने मौली-बरवाला मार्ग पर नाकाबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान चालक सीट के पीछे रखे कट्टे से 22 किलो चूरा पोस्त बरामद हुआ। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जर्मनी वर्क वीजा के नाम पर 10.50 लाख की ठगी, फर्जी जॉब ऑफर लेटर और दस्तावेज देने का आरोप

## मोहाली की न्यू होराइजन वीजा कंपनी की संचालक व हेड काउंसलर पर केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/19 जुलाई। जर्मनी वर्क वीजा दिलाने के नाम पर 10.50 लाख रुपये की कथित ठगी करने के आरोप में मोहाली स्थित एक वीजा कंसल्टेंसी के खिलाफ एनआरआई थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत एनआरआई विंग पंजाब की जांच के बाद दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 61 और पंजाब इमिग्रेशन एक्ट, 1983 की धारा 24 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता प्रिया कुमारी निवासी पटियाला ने एनआरआई विंग पंजाब को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने 15 अगस्त 2025 को अपने सहित तीन लोगों के जर्मनी वर्क वीजा के लिए मोहाली के फेज-3बी2, सेक्टर-53 स्थित न्यू होरीजन वीजा में आवेदन किया था। इसके लिए एजेंसी को कुल 10.50 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शिकायत में कहा गया कि

> जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एनआरआई थाने में मामला दर्ज हो चुका है। आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। फर्म की और भी जांच की जा रही है कि इससे पहले कंपनी ने और किन-किन लोगों को फर्जी ऑफर देकर ठगी की है। -राजबीर सिंह, जांच अधिकारी एनआरआई विंग

एजेंसी ने जर्मनी के जेडब्ल्यू मैरियट बर्लिन होटल का कथित जॉब ऑफर लेटर और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए। जब शिकायतकर्ता ने होटल से ई-मेल के जरिए दस्तावेजों का सत्यापन कराया तो होटल प्रबंधन ने इन्हें फर्जी बताते हुए स्पष्ट किया कि उनके पास इस संबंध में कोई आवेदन नहीं मिला है।

इसके बाद पीड़िता ने खुद के साथ धोखाधड़ी होने का आरोप लगाते हुए राशि वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की प्रारंभिक जांच पहले एनआरआई थाना पटियाला ने की। जांच रिपोर्ट एनआरआई विंग पंजाब मुख्यालय भेजी गई, जहां से मोहाली के एनआरआई थाने में रिपोर्ट मिलने के बाद न्यू होरीजन वीजा के संचालक और हेड काउंसलर रमनदीप कौर पर मामला दर्ज कर लिया है।


पेज 12 अकालियों का शक्ति प्रदर्शन, एसआर क्लेर ने...

## क्या आमिर खान असल ज़िंदगी में 'गजनी' बन गए हैं? CNN-IBN के पुराने वीडियो में आमिर और सोनम वांगचुक एक ही प्रोग्राम में दिखे

**2008 के अवॉर्ड्स के फुटेज में आमिर खान और सोनम वांगचुक एक ही इवेंट में दिखे, जो '3 इडियट्स' के रिलीज होने से एक साल पहले हुआ था।**





चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। कुछ यादें समय के साथ धुंधली हो जाती हैं। वहीं कुछ यादें तो फिल्म रिलीज होने से पहले ही गायब हो जाती हैं। 2008 के CNN-IBN 'इंडियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड्स का एक पुराना वीडियो ऑनलाइन सामने आया है। इससे आमिर खान के उस दावे पर फिर से सवाल उठने लगे हैं कि वे '3 इडियट्स' (2009) से पहले कभी शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक से नहीं मिले थे।

इस वीडियो के सामने आने का समय ही लोगों का ध्यान खींच रहा है। अवॉर्ड सेरेमनी 2008 में हुई थी, जिसमें आमिर खान अपने मशहूर 'गजनी' लुक में पहुंचे थे—मुंडा हुआ सिर, जो बॉलीवुड में फिल्म की कहानी में याददाश्त खोने की सबसे मशहूर घटना की पहचान बन गया था। उसी मंच पर सोनम वांगचुक को 'पब्लिक सर्विस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था, और मशहूर गीतकार व पटकथा लेखक जावेद अख्तर भी वहां मौजूद थे।

इस क्लिप को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स एक सीधा सा सवाल पूछ रहे हैं: अगर दोनों एक ही इवेंट में थे, तो आमिर बाद में यह कैसे कह सकते हैं कि वे '3 इडियट्स' से पहले वांगचुक से कभी नहीं मिले? सच कहें तो, फुटेज से यह साबित नहीं होता कि दोनों के बीच आमने-सामने बातचीत हुई या बैकस्टेज हाथ मिलाया। यह सिर्फ.इतना पक्का करता है कि वे एक ही हाई-प्रोफाइल फंक्शन में शामिल हुए थे, जहां वांगचुक को अवॉर्ड मिला था। लेकिन सोशल मीडिया के दौर में, 'एक ही मंच' पर होना ही अक्सर पुरानी बहस को फिर से शुरू करने के लिए काफी होता है। यह बहस, जाहिर है, वायरल क्लिप के आने से पहले से चल रही है। वांगचुक का लंबे समय से यह कहना रहा है कि भले ही '3 इडियट्स' उनकी जीवनी नहीं थी, लेकिन फिल्म बनाने वाले लद्दाख में उनके वैकल्पिक स्कूल में गए थे और वहां शूटिंग की इजाजत भी मांगी थी—एक ऐसी गुजारिश जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। वहीं, '3 इडियट्स' बनाने वालों का हमेशा से यह कहना रहा है कि फिल्म चेतन भगत की 'फाइव पॉइंट समवन' पर आधारित थी और 'रैंचो' का किरदार किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं था।

अब, अवॉर्ड्स का जो वीडियो फिर से सामने आया है, उसने ध्यान 'रैंचो' से हटाकर याददाश्त की तरफ मोड़ दिया है। इंटरनेट किसी अच्छे संयोग को हाथ से जाने नहीं देता, और इस बार भी उसने खूब मजा लिया। आमिर के बयानों की तुलना उनके 'गजनी' वाले किरदार से करते हुए मीम्स की बाढ़ आ गई है; यूजर्स मजाक में कह रहे हैं कि शायद एक्टर असल ज़िंदगी में भी कुछ ज्यादा समय तक उस किरदार में ही रहे। यह साफ नहीं है कि आमिर का मतलब सिर्फ.यह था कि वांगचुक के साथ उनकी कभी कोई खास बातचीत नहीं हुई, या फिर वे सचमुच उस इवेंट के बारे में भूल गए थे। आखिरकार, एक ही समारोह में शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि व्यक्तिगत मुलाकात भी हुई हो। फिर भी, जो दिख रहा है उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। कम से कम, CNN-IBN के पुराने फुटेज ने दर्शकों को यह याद दिला दिया है कि आर्काइव की याददाश्त, उसमें मौजूद लोगों की याददाश्त से कहीं बेहतर होती है।

## दरिया जंगल क्षेत्र में मृत गौवंश हटने से लोगों को राहत, स्थानीय निवासियों ने जताया आभार

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। दरिया जंगल क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पड़े एक मृत गौवंश के कारण आसपास के इलाके में फैली



दुर्गंध से स्थानीय लोग परेशान थे। करीब 10 से 12 दिनों से बनी इस समस्या के चलते लोगों का आवागमन और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। क्षेत्रवासियों का कहना था कि शिकायतों के बावजूद समय पर समाधान नहीं हो पाया। इसी बीच मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा युवा मोर्चा नेता निक्कू पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से मृत गौवंश को सम्मानपूर्वक हटवाने तथा विधि-विधान के अनुसार दफनाने की व्यवस्था करवाई। इसके बाद क्षेत्र में फैली दुर्गंध से लोगों को राहत मिली।

इस जनसेवा अभियान में श्याम राजपूत, राहुल कौशिक, जीत गुप्ता, धीरेंद्र चौहान और प्रिंस सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पूरी टीम ने मौके पर मौजूद रहकर कार्य को सुचारु रूप से पूरा कराया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने जनहित के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई के लिए निक्कू पांडे और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## डुप्लीकेट चाबी से एक्टिवा चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, तीन चोरी की स्कूटी बरामद



चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। सेक्टर-26 थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन एक्टिवा स्कूटी बरामद की हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद सभी वाहन चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों से चोरी किए गए थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान बापूधाम कॉलोनी निवासी आदिल खान के रूप में हुई है। आरोपी को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने कई वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया, जिसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से तीन चोरी की एक्टिवा स्कूटी बरामद कीं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने 17 जुलाई को एलांते मॉल की पिछली पार्किंग से CH-01BF-9699 नंबर की लाल एक्टिवा डुप्लीकेट चाबी की मदद से चोरी की थी। चोरी के बाद वह उसी स्कूटी का इस्तेमाल शहर में घूमने और अपने निजी कार्यों के लिए कर रहा था। इस संबंध में थाना सेक्टर-26 में एफआईआर नंबर 93, दिनांक 18 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर आगे पूछताछ की जा रही है।

## समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए करण गिलहोत्रा सम्मानित, मिला सोशल लीडर अवॉर्ड



चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। समाजसेवा, परोपकार और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उद्यमी एवं प्लाक्षा यूनिवर्सिटी के सह-संस्थापक करण गिलहोत्रा को सोशल लीडर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित एंटरप्रेन्योर एंड अचीवर अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में करण गिलहोत्रा को सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत में यूनाइटेड किंगडम की डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा स्मेरिग्लियो भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

## ईनाया कौर को 'यंगेस्ट पॉडकास्टर' के लिए प्रतिष्ठित बाबा फतेह सिंह अवॉर्ड



लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। शहर की उभरती युवा प्रतिभा ईनाया कौर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए लुधियाना का नाम रोशन किया है। सत पॉल मित्तल स्कूल की छात्रा और व्यवसायी हरसिमरन सिंह एवं मनुजोत कौर की पुत्री ईनाया कौर को Sikhs for Business द्वारा आयोजित Vistar 2.0 समारोह में 'बाबा फतेह सिंह अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश की सबसे कम उम्र की पॉडकास्टर (Youngest Podcaster) के रूप में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए प्रदान किया गया।

# दुःखी-दीन की सहायता करना, समाज में शुभ कर्मों की वृद्धि हो- यह सब काम राम-पूजा है : संत अश्वनी बेदी










19 जुलाई लुधियाना लुधियाना सत्संग, श्री राम शरणम , श्री राम पार्क में रविवार साप्ताहिक सत्संग में संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज हमे समझाते हैं कि सेवा का भाव साधक के चरित्र को ऊँचा उठाता है। स्वार्थी को अपने लिये कार्य करने में आनन्द आता है। जन-सेवा करना बहुत अच्छा है। सहानुभूति तथा सहायता से भला होता है। मानव-जगत में अच्छे कार्यों में सहयोग देना चाहिये। उनके लिये हितकर कर्म करना चाहिये। जिनको शांति प्राप्त है, जिनके हृदय में राम-नाम खूब बस गया है, उनको अपने दैनिक कार्यों से समय निकालकर, जन-सेवा के लिये समय देना चाहिये। जो दूसरों को ऐसा कहकर खींचता है- जैसे मैं जबसे भजन करने लगा, मुझमें बड़ा परिवर्तन आ गया। बन्धुओं, पड़ोसी




आदि से अच्छा बरतता हूँ। मुझे बड़ी शांति मिली है। यदि आप भी भजन-सिमरन करें, तो आपको भी लाभ होगा। इस प्रकार दूसरों के ऊपर प्रभाव डालना चाहिये। दैनिक साधन से लोगों को एकाग्रता का लाभ हुआ।

व्यक्ति समाज का सुधार करे। यदि साधक को एक या दो मास के लिये एकान्त साधना करने की आवश्यकता हो तो अच्छा है। परन्तु सारी उम्र एकांतवास रहना ठीक नहीं। क्योंकि साधना के साथ-साथ सेवा करना ठीक है। आलस्य, प्रमाद, व्यर्थ क्रियाओं में समय बिताना, इधर-उधर जाना और इस आश्रम से उस आश्रम में जाना, बहुमूल्य समय को व्यर्थ खोना है- यह ठीक नहीं है। जिनको साधना की सिद्धि प्राप्त हो गई है, साधना के रस का आस्वादन किया है, उनको समाज की सेवा में कुछ समय व्यतीत करना उचित है।

कार्यक्रम बनाकर कार्य करना यह एक बड़ा अच्छा तरीका है। जितना समय दे सकता है, समाज की सेवा में व्यतीत करे। भले मनुष्य यदि सेवा करें, तो देश व जाति के जनों का अधिक हित हो जाता है। व्यक्ति का आत्मा निर्मल हो जाता है। तब जो बात निकलेगी वह हितकर होगी। सामाजिक कार्यों की शुद्धि होगी। साधक अपने समय को जितना जन-सेवा में लगायेगा, उतना ही अच्छा है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल



### आर्यन गुप्ता: मेहनत की मिसाल

नीट 2026 के परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सफलता का सबसे मजबूत आधार केवल और केवल मेहनत है। जब पूरे देश में नीट परीक्षा को लेकर विवाद, विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक बहस का माहौल था, तब कई लोग अपनी-अपनी तरह से आवाज उठा रहे थे। गलत के खिलाफ आवाज उठाना लोकतंत्र का अधिकार है और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग भी पूरी तरह उचित है। लेकिन इसी दौर में आर्यन गुप्ता जैसे विद्यार्थी भी थे, जिन्होंने अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रखा। उन्होंने परिस्थितियों को अपनी मंज़िल के बीच आने नहीं दिया। जब बहसें चल रही थीं, तब वे अपनी किताबों के साथ बैठे थे जब लोग भविष्य को लेकर चिंता कर रहे थे, तब वे अपने भविष्य को अपनी मेहनत से गढ़ रहे थे। आर्यन की सफलता यह संदेश देती है कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, निरंतर मेहनत और अनुशासन का कोई विकल्प नहीं होता। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है, लेकिन अपने लक्ष्य से भटकना नहीं। आखिरकार, इतिहास उन्हीं लोगों को याद रखता है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों के लिए लगातार प्रयास करते हैं। आर्यन गुप्ता की उपलब्धि हर छात्र के लिए प्रेरणा है कि संघर्ष और सफलता साथ-साथ चल सकते हैं। जो अपनी मेहनत पर विश्वास रखता है, वही अंत में अपनी किस्मत खुद लिखता है और अपने परिणामों से दुनिया को जवाब देता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Screen Recording Court में सबूत बन सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल लोग WhatsApp Chat, Video Call, Instagram Live या अन्य Online बातचीत की Screen Recording कर लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ऐसी Recording Court में सबूत (Evidence) के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है?

उत्तर है-हाँ, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। यदि Screen Recording किसी मामले से सीधे जुड़ी है और उससे किसी महत्वपूर्ण तथ्य का पता चलता है, तो उसे Court में पेश किया जा सकता है। लेकिन केवल Recording दिखा देना ही पर्याप्त नहीं होता। Court यह भी देखती है कि Recording असली है या नहीं, उसमें किसी तरह की Editing या छेड़छाड़ (Tampering) तो नहीं हुई है। यदि Recording अधूरी हो या केवल कुछ हिस्सा दिखाया गया हो, तो Court पूरी बातचीत और उसके संदर्भ (Context) को भी देख सकती है।

आजकल Screen Recording का उपयोग Online Fraud, पैसों के लेन-देन, धमकी, BlackmÔil, Cyber Crime और अन्य मामलों में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में किया जाता है। यदि आपके पास किसी घटना की Screen Recording है, तो उसे Edit न करें और Original File सुरक्षित रखें। इससे उसकी विश्वसनीयता बनी रहती है।

कई लोग सोचते हैं कि Screen Recording का कोई कानूनी महत्व नहीं होता, जबकि कई मामलों में यह जांच और सुनवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

निष्कर्ष: Screen Recording Court में Evidence बन सकती है, लेकिन उसकी सच्चाई, Original File और कानूनी स्वीकार्यता साबित करना जरूरी होता है। इसलिए ऐसी Recording हमेशा Original रूप में सुरक्षित रखें।

## सेक्टर-47 में हिमाचल महासभा का हरित अभियान, 120 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण और शहर के हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से हिमाचल महासभा (रजि.), चंडीगढ़ ने रविवार को सेक्टर-47 में पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 120 पौधे लगाए गए, जिनमें बरगद, पीपल, बहेड़ा, नीम, आंवला सहित कई सजावटी प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था हर वर्ष पौधारोपण अभियान आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास करती है।

## बीबीएमबी स्कूल छात्र प्रताड़ना मामला: जांच तेज, अभिभावकों ने मांगी निष्पक्ष कार्रवाई



लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। बीबीएमबी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एक छात्र से कथित दुर्व्यवहार के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। घटना सामने आने के बाद शिक्षा जगत और अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मामले में स्कूल प्रबंधन द्वारा आंतरिक जांच शुरू किए जाने की बात कही जा रही है, जबकि अभिभावक पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि सातवीं कक्षा के छात्र के परिजनों ने स्कूल के पीटी शिक्षक पर कथित रूप से दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाए थे। शिकायत के बाद मामला चर्चा में आया और स्कूल प्रबंधन ने संबंधित शिक्षक को जांच पूरी होने तक अवकाश पर भेजने की जानकारी दी थी। अब अभिभावकों का कहना है कि जांच केवल औपचारिकता न बनकर पारदर्शी तरीके से पूरी की जानी चाहिए।

# एलआईसी (LIC) मैच्योरिटी पर TDS कटौती और टैक्स के नियमः लुधियाना के एडवोकेट करन चावला ने दूर किए सभी भ्रम

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। अक्सर लोग जीवन बीमा पॉलिसी (Life Insurance Policy) को पूरी तरह से टैक्स-फ्री मानते हैं। लेकिन जब पॉलिसी मैच्योर होती है और हाथ में आने वाली रकम पर टैक्स कट (TDS) जाता है, तो लोग परेशान हो जाते हैं। हाल ही में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिस पर लुधियाना के जाने-माने एडवोकेट करन चावला ने स्थिति स्पष्ट की है।



एडवोकेट करन चावला ने बताया कि उनके एक क्लाइंट ने उनसे संपर्क कर पूछा कि क्या एलआईसी मैच्योरिटी पर टीडीएस (TDS) कटना सही है? इस पर उन्होंने कानूनन स्थिति साफ करते हुए बीमा पॉलिसी की मैच्योरिटी और उस पर लगने वाले टैक्स से जुड़े सभी महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।

**1. प्रीमियम और सम एश्योर्ड (Sum Assured) का 10% वाला नियम**

एडवोकेट करन चावला के अनुसार, यह नियम केवल एलआईसी पर ही नहीं बल्कि देश की सभी इंश्योरेंस कंपनियों की पॉलिसियों पर लागू होता है:

- **1 अप्रैल 2012 के बाद की पॉलिसियां:** यदि आपकी पॉलिसी 1 अप्रैल 2012 को या उसके बाद जारी की गई है और उसका सालाना प्रीमियम सम एश्योर्ड (Sum Assured) के 10% से अधिक है, तो ऐसी पॉलिसी की मैच्योरिटी पर मिलने वाली रकम पूरी तरह से टैक्स-फ्री नहीं रहती। यह राशि टैक्स के दायरे में आ जाती है।
- **1 अप्रैल 2012 से पहले की पॉलिसियां:** उस समय यह सीमा सम एश्योर्ड के 20% तक हुआ करती थी।

**2. क्या पूरी मैच्योरिटी राशि पर टैक्स लगता है?**

सबसे बड़ा भ्रम यह है कि लोग सोचते हैं कि टीडीएस पूरी मैच्योरिटी राशि पर कटता है। एडवोकेट करन चावला ने इस भ्रम को दूर करते हुए बताया:

- टैक्स या टीडीएस कभी भी पूरी मैच्योरिटी अमाउंट पर नहीं लगता।
- आपने पॉलिसी अवधि के दौरान कुल जितना प्रीमियम भरा है, उसे कैपिटल पेमेंट माना जाता है और कुल मैच्योरिटी राशि में से घटा दिया जाता है।
- प्रीमियम घटाने के बाद जो शुद्ध मुनाफा (Income Portion) बचता है, केवल उसी हिस्से पर टीडीएस काटा जाता है।

**3. कब कटता है टीडीएस (TDS) और कितनी है दर?**

**₹1,00,000 की सीमा:** यदि किसी वित्तीय वर्ष में आपको मिलने वाली कुल मैच्योरिटी राशि ₹1 लाख या उससे कम है, तो कोई टीडीएस नहीं कटेगा। लेकिन अगर कुल रसीद या भुगतान ₹1 लाख से अधिक है, तो आयकर अधिनियम की धारा 194DA के तहत टीडीएस काटा जाता है।

**टीडीएस की दर:** नियमों के तहत अब इस पर 2% की दर से टीडीएस काटा जाता है (यदि पैन कार्ड जमा न हो तो यह दर 20% तक हो सकती है)।

**इंश्योरेंस टैक्स नियमों में हुए अन्य बड़े बदलाव...**एडवोकेट करन चावला ने बताया कि सरकार ने पिछले कुछ सालों में बड़े प्रीमियम वाली पॉलिसियों पर टैक्स लगाने के लिए दो और महत्वपूर्ण क्लॉज (Claus) जोड़े हैं:

| लागू होने की तिथि | पॉलिसी का प्रकार | नियम और टैक्स की शर्तें |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2021 से | यूलिप (ULIP - Unit Linked Insurance Plan) | यदि आपका सालाना यूलिप प्रीमियम ₹2.5 लाख से अधिक है, तो इसकी मैच्योरिटी पर मिलने वाला रिटर्न इक्विटी म्यूचुअल फंड की तरह माना जाएगा और इस पर कैपिटल गेन टैक्स (Capital Gain Tax) लगेगा। |
| 1 अप्रैल 2023 से | ट्रेडिशनल पॉलिसियां (Endowment/Money Back) | यदि आपके पास ऐसी पारंपरिक जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जिनका कुल सालाना प्रीमियम ₹5 लाख से अधिक है, तो ऐसी पॉलिसियों से मिलने वाली मैच्योरिटी राशि भी पूरी तरह टैक्स के दायरे में आएगी। |

विशेष नोटः एडवोकेट करन चावला ने स्पष्ट किया कि बीमा धारक की मृत्यु होने की स्थिति में नॉमिनी को मिलने वाली डेथ बेनिफिट (Death Benefit) राशि हमेशा की तरह पूरी तरह से टैक्स-फ्री रहती है, चाहे प्रीमियम की रकम कितनी भी क्यों न हो।

इसलिए, यदि आपकी भी कोई बीमा पॉलिसी मैच्योर होने वाली है, तो इन नियमों को ध्यान में रखें ताकि टीडीएस कटने पर किसी भी तरह की असमंजस की स्थिति न बने।

# CICU को 'बेस्ट प्लेसमेंट पार्टनर' सम्मान, 1000 से अधिक युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) को SUN Foundation द्वारा आयोजित मेगा जॉब ऑफर लेटर वितरण समारोह में 'बेस्ट प्लेसमेंट पार्टनर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। समारोह में 1000 से अधिक विद्यार्थियों और युवाओं को विभिन्न कंपनियों की ओर से नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान राज्यपाल ने CICU के स्किल डेवलपमेंट स्टॉल का दौरा किया और 3डी स्कैनिंग आधारित रिवर्स इंजीनियरिंग, टैली प्राइम, 3डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML), CAD/CAM तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के लाइव प्रदर्शन का अवलोकन किया। उन्होंने उद्योग की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को भविष्य के कौशल प्रदान करने की दिशा में CICU के प्रयासों की सराहना की। CICU के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने इस सम्मान के लिए SUN Foundation और उसके संस्थापक विक्रमजीत सिंह साहनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन उद्योग, शिक्षा संस्थानों और सरकार के साथ मिलकर युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उनका कहना था कि उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना ही CICU का लक्ष्य है, जिससे विकसित भारत के संकल्प को मजबूती मिले।




# तलवाड़ा में केजरीवाल की बड़ी घोषणा, अगस्त से मुफ्त तीर्थ यात्रा के नए रूट शुरू

होशियारपुर/यूटर्न/19 जुलाई। तलवाड़ा में आयोजित 'एक शाम भगवान शिव के नाम' भजन संध्या में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब सरकार की मुफ्त तीर्थ यात्रा योजना के विस्तार की घोषणा की। केजरीवाल ने कहा कि अगस्त से खाटू श्याम-सालासर, हरिद्वार-ऋषिकेश और मथुरा-वृंदावन के लिए भी मुफ्त तीर्थ यात्रा शुरू होगी। इन रूटों के लिए पंजीकरण अगस्त में शुरू होगा और सरकार करीब 1.5 लाख श्रद्धालुओं को यात्रा का लाभ देगी। केजरीवाल ने कहा कि ईमानदार सरकार के कारण पंजाब में मुफ्त बिजली, 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और महिलाओं को वित्तीय सहायता जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने बीबीएमबी अस्पताल को पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित करने और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।



# सुनील मोदगिल के नेतृत्व में लुधियाना में भाजपा संगठन को मिलेगी नई मजबूती : राकेश कपूर



लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश प्रवक्ता राकेश कपूर ने श्री सुनील मोदगिल को भारतीय जनता पार्टी, लुधियाना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राकेश कपूर ने कहा कि सुनील मोदगिल एक समर्पित, कर्मठ एवं अनुभवी संगठनकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास निश्चित रूप से संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मोदगिल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में लुधियाना में संगठन का और अधिक विस्तार करेंगे तथा बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है और सभी कार्यकर्ता नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एकजुट होकर जनसेवा, संगठन विस्तार तथा लुधियाना के विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

राकेश कपूर ने कहा कि भाजपा पंजाब में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है और लुधियाना में नए नेतृत्व के साथ पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने श्री सुनील मोदगिल के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें अपने पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

# पंजाब में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का 12वां दिन

## सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जुलाई। पंजाब भर में सफाई कर्मचारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सफाई सेवक यूनियन पंजाब के आह्वान पर नगर परिषदों, नगर पंचायतों और नगर निगमों के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 12वें दिन में प्रवेश कर गई है। राज्य भर में कामकाज ठप रहने से स्थिति गंभीर होती जा रही है, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग हैं।

### सरकार की चुप्पी से कर्मचारियों में भारी रोष

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूनियन नेताओं ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन का रवैया पूरी तरह से असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका कर्मचारियों की जायज और वर्षों से लंबित मांगों को बार-बार नजरअंदाज किया जाना यह दर्शाता है कि सरकार को आम कर्मचारियों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।



### मांगें पूरी होने तक नहीं थमेगा आंदोलन

यूनियन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह हड़ताल तब तक वापस नहीं ली जाएगी जब तक सरकार उनकी मांगों का ठोस और लिखित समाधान नहीं निकालती।

संघर्ष होगा और तीव्र: आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा।

**पूरी जिम्मेदारी सरकार की:** यदि आंदोलन के कारण जनता को असुविधा होती है, तो इसकी पूरी नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी।

**एकजुटता का आह्वान :** यूनियन ने राज्य के उन सभी नगरपालिका कर्मचारियों से भी अपील की है जो अभी तक किसी कारणवश हड़ताल में शामिल नहीं हुए हैं। नेताओं ने कहा, यह समय निजी हितों से ऊपर उठकर अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का है। यदि आज हम अपनी एकता का परिचय नहीं देंगे, तो भविष्य में अपने हक की लड़ाई जीतना और भी कठिन हो जाएगा।

# जगरांव में 'श्री राम लीला दशहरा कमेटी' की कुर्सी पर घमासान

## दो धड़ों ने अलग-अलग घोषित किए अध्यक्ष

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जुलाई। शहर की ऐतिहासिक श्री राम लीला दशहरा कमेटी की कमान संभालने को लेकर विवाद गहरा गया है। कमेटी के सदस्यों के बीच बढ़ी आपसी खींचतान के कारण संगठन दो धड़ों में बंट गया है। स्थिति तब और पेचीदा हो गई जब दोनों गुटों ने अपने-अपने खेमे के नेताओं को कमेटी का नया प्रधान घोषित कर दिया।

**कुर्सी की जंग: दो गुट, दो दावेदार:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक धड़े ने अमित शर्मा को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है, वहीं दूसरे धड़े ने अंकुश धीर कन्नू को सर्वसम्मति से प्रधान घोषित कर दिया है। दोनों पक्ष अपने-अपने फैसले को सही ठहराते हुए कमेटी की कमान अपने पास होने का दावा कर रहे हैं। इस दोहरे दावे के कारण कमेटी के भीतर संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है।

**दशहरे की तैयारियों पर मंडराया अनिश्चितता का बादल:** इस आंतरिक कलह का सीधा असर आगामी दशहरा पर्व की तैयारियों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। शहर के धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त करते हुए दोनों पक्षों से आग्रह किया है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर बातचीत का रास्ता अपनाएं। लोगों का कहना है कि श्री राम लीला जैसे पावन उत्सव की गरिमा को बरकरार रखने के लिए एकता जरूरी है, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की बाधा न आए।





### क्या होगा समाधान ?

फिलहाल कमेटी के दोनों गुटों में बैठकों का दौर जारी है। शहर की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या दोनों धड़े कोई बीच का रास्ता निकाल पाते हैं या फिर यह विवाद कानूनी और प्रशासनिक पेच में उलझ जाएगा।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** इस दौरान राजकुमार मल्होत्रा,जोआए मल्होत्रा, रितेश शर्मा, राहुल मल्होत्रा, संजीव चोपड़ा, बृज लाल, मधु सूदन शर्मा, सतीश कुमार पप्पू, अनिल कुमार चोपड़ा, कृष्ण कुमार, राजिंदर शर्मा, सुमित अरोड़ा, संजीव मल्होत्रा, सतपाल भट्टी, बलविंदर बग्गड़, मोनू हांडा, गौरव हांडा, ज्ञान देव बेरी, नीता सभरवाल, भरत खन्ना, हरि ओम, शम्मी मेहता, प्रदीप खन्ना, प्रदीप शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पंजाब के सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा पास की, 2 वर्षों में नीट पास करने वालों की संख्या 100 प्रतिशत बढ़ी: हरजोत सिंह बैंस



चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। पंजाब की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को बड़ा बढ़ावा मिला है क्योंकि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 पास कर ली है। नीट का पेपर लीक होने के कारण पहली परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसके बाद देश भर में पुनः परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

# रामदरबार मंडी ग्राउंड में युवक का शव मिलने से हड़कंप, कई दिन पुराना होने की आशंका



चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। रामदरबार फेस-2 स्थित मंडी ग्राउंड में रविवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने मैदान में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद संबंधित थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि शव कई दिन पुराना है। शव की हालत को देखते हुए फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। जांच के दौरान फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, हादसे का शिकार हुआ या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक घटना है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों और गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

# पहाड़ों में मूसलाधार बारिश का असर: तेजी से बढ़ रहा सुखना लेक का जलस्तर, फ्लड गेट खोलने की तैयारी; प्रशासन अलर्ट

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। पहाड़ियों में लगातार हो रही बारिश ने चंडीगढ़ की सुखना लेक को फिर से भरना शुरू कर दिया है। कुछ सप्ताह पहले तक जहां झील के कई हिस्सों में सूखी जमीन और दरारें दिखाई दे रही थीं, वहीं अब कैचमेंट एरिया से लगातार आ रहे पानी के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को लेक का जलस्तर 1158.5 फीट दर्ज किया गया, जिसके बाद प्रशासन ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं।



मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इसे देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के साथ-साथ पंचकूला और मोहाली प्रशासन को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। सुखना चौक और आसपास के निचले इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी संभावित स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। प्रशासन के अनुसार सुखना लेक के रेगुलेटरी एंड पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इंजीनियरिंग विभाग की टीमें भी लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। सामान्य तौर पर फ्लड गेट 1163 फीट जलस्तर पर खोले जाते हैं, जबकि 1162.5 फीट को खतरे का स्तर माना जाता है। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है और आवश्यकता पड़ने पर फ्लड गेट चरणबद्ध तरीके से खोले जा सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बार अचानक अधिक मात्रा में पानी छोड़ने से बचने के लिए पहले से रणनीति तैयार की गई है। जरूरत पड़ने पर फ्लड गेट धीरे-धीरे खोले जाएंगे, ताकि डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा न हो। अतीत में अधिक पानी छोड़े जाने के कारण बापूधाम, इंडस्ट्रियल एरिया और बलटाना क्षेत्र प्रभावित हो चुके हैं।

# नगर कौंसिल से टूटी उम्मीद, पभात रोड की मरम्मत के लिए खुद उतरे निवासी

## गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, सोसाइटीवासियों ने अपने स्तर पर संभाला मोर्चा





जीरकपुर/यूटर्न/19 जुलाई। पभात रोड की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने और सड़क पर बने गहरे गड्ढों से परेशान विभिन्न सोसाइटियों के निवासियों ने रविवार को नगर कौंसिल का इंतजार छोड़कर अपने स्तर पर सड़क की मरम्मत का काम शुरू करवा दिया। निवासियों का आरोप है कि सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार नगर कौंसिल को अवगत कराया गया, लेकिन हर बार आश्वासन और बहाने देकर मामला टाल दिया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पभात रोड पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इसके कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खोकर गिर जाते हैं और आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। निवासियों को आशंका है कि यदि जल्द सड़क की हालत नहीं सुधारी गई तो किसी दिन बड़ा हादसा या जनहानि हो सकती है।

इसी खतरे को देखते हुए पभात रोड और आसपास की सोसाइटियों के प्रतिनिधियों ने आपसी सहयोग से गड्ढे भरने और सड़क की अस्थायी मरम्मत कराने का फैसला लिया। मरम्मत कार्य के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे और उन्होंने नगर कौंसिल की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष जताया।

इस मौके पर राजीव कक्कड़ ने कहा कि सड़क की मरम्मत नगर कौंसिल की जिम्मेदारी है, लेकिन बार-बार मांग करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में सोसाइटी निवासियों को अपने स्तर पर काम करवाना पड़ा। उन्होंने पूर्व विधायक एनके शर्मा और नगर कौंसिल सदस्य भूपिंदर कौर का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। निवासियों ने स्पष्ट किया कि गड्ढे भरना केवल अस्थायी समाधान है। उन्होंने प्रशासन और नगर कौंसिल से मांग की कि पभात रोड की पैचवर्क के बजाय पूरी कारपेटिंग करवाई जाए। इसके साथ ही भविष्य में सड़क का नियमित निरीक्षण और समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### हर बार मिलता रहा आश्वासन, धरातल पर नहीं हुआ काम

निवासियों का आरोप है कि पभात रोड की बदहाल स्थिति को लेकर नगर कौंसिल अधिकारियों के समक्ष कई बार शिकायत की गई। हर बार तकनीकी कारण, टेंडर या मौसम का हवाला देकर समय निकाल दिया गया। लोगों का कहना है कि टैक्स देने के बावजूद उन्हें सुरक्षित और गड्ढामुक्त सड़क तक नहीं मिल रही।

### इन सोसाइटी प्रतिनिधियों ने संभाला मोर्चा

सड़क मरम्मत के दौरान राजीव कक्कड़, राजेश गुप्ता, ललित भारद्वाज, राजबीर कोठारी, जगदीश दुआ, अनिल कादियान, अशोक शर्मा, दीपक कक्कड़, मुकुल कुमार, आरके वर्मा, जगदीश प्रसाद, राम धीमान, संजय भारद्वाज, करुण वालिया, हनी नारंग, शेखर, गुरनाम सिंह, भूपिंदर सिंह, रणजीत सिंह, देशराज ठाकुर, सुरिंदर लांबा, अजीत सिंह, रवि प्रकाश, वैभव विष्णु, दिलबाग सिंह, बलजीत सिंह, तिलक राज शर्मा, देवेंद्र जोशी, केएस अत्री सहित कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# चलती सीटीयू बस का हैंडल जाम, कैंटर से टकराई; बड़ा हादसा टला

## तकनीकी खराबी ने बढ़ाई यात्रियों की धड़कनें, कैंटर से भिड़ी नैनीताल जा रही बस




जीरकपुर/यूटर्न/19 जुलाई। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की नैनीताल जा रही एक बस रविवार सुबह जीरकपुर में तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। चलते समय बस का हैंडल अचानक लॉक हो जाने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और आगे चल रहे कैंटर से बस टकरा गई। हादसे के समय बस में कई यात्री सवार थे। राहत की बात रही कि किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और बड़ा हादसा टल गया।

टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री तुरंत बस से बाहर निकल आए। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए चंडीगढ़-अंबाला मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

सूचना मिलते ही रोड सेफ्टी फोर्स (आरएसएफ) और पंजाब पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर यातायात को सामान्य कराया। इसके बाद क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाने की कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस का हैंडल लॉक होना हादसे का प्रमुख कारण हो सकता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही बस की विस्तृत तकनीकी जांच भी कराई जाएगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। इस घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक परिवहन वाहनों की नियमित फिटनेस और तकनीकी जांच की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

# ढकोली पुलिस की संवेदनशीलता लाई रंग, रास्ता भटके 75 वर्षीय बुजुर्ग को परिवार से मिलाया



जीरकपुर/यूटर्न/19 जुलाई। ढकोली थाना पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से रास्ता भटक गए 75 वर्षीय बुजुर्ग को सकुशल उनके परिवार से मिला दिया गया। बुजुर्ग की पहचान ब्लू रिज-2 सोसायटी निवासी राज किशोर वास्तवा के रूप में हुई है। पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों और परिजनों ने सराहना की। जानकारी के अनुसार, राज किशोर वास्तवा घर से सब्जी लेने के लिए निकले थे, लेकिन अधिक उम्र के कारण रास्ता भटक गए और उन्हें अपने घर का पता याद नहीं रहा। काफी देर तक इधर-उधर घूमने के बाद एक ऑटो चालक ने उनकी स्थिति को समझा और उन्हें सुरक्षित ढकोली थाने पहुंचा दिया। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग को सुनने में भी परेशानी होती है, जिससे उनसे बातचीत कर घर और परिवार की जानकारी जुटाना आसान नहीं था। इसके बावजूद थाने में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी निर्मल सिंह ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ लगातार प्रयास जारी रखे।

रात के समय पुलिस ने बुजुर्ग से बातचीत कर उनके घर और सोसायटी का पता लगाने की कोशिश की, साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पूरी रात सुरक्षित थाने में रखा और उनकी देखभाल की। अगली सुबह ढकोली पुलिस ने बुजुर्ग की फोटो और विवरण विभिन्न आवासीय सोसायटियों के सोशल मीडिया ग्रुपों में साझा किया। कुछ ही समय बाद उनकी पहचान ब्लू रिज-2 सोसायटी निवासी राज किशोर वास्तवा के रूप में हो गई।

# जीरकपुर नगर परिषद के नवनियुक्त प्रधान गुरप्रीत विर्क का ताजपोशी समारोह आज

जीरकपुर/यूटर्न/19 जुलाई। नगर परिषद जीरकपुर के नवनियुक्त प्रधान गुरप्रीत विर्क का ताजपोशी समारोह सोमवार को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं, पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शहर के गणमान्य लोगों के पहुंचने की संभावना है। समारोह की शुरूआत श्री सुखमनी साहिब के पाठ से होगी। इसके बाद अरदास कर गुरप्रीत विर्क को नगर परिषद जीरकपुर के प्रधान के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करवाया जाएगा। धार्मिक वातावरण में आयोजित होने वाले इस समारोह को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

समारोह में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके अलावा आम आदमी पार्टी से संबंधित नगर परिषद के पार्षद, पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि समारोह के दौरान नगर परिषद के आगामी विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। शहर की सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, टूटी सड़कों और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए जा सकते हैं।

नवनियुक्त प्रधान गुरप्रीत विर्क से शहरवासियों को जीरकपुर के विकास को नई दिशा देने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती आबादी के कारण शहर में यातायात जाम, सीवरेज, सफाई और पेयजल जैसी समस्याएं लगातार चुनौती बनी हुई हैं। ऐसे में नए प्रधान के सामने इन समस्याओं का समाधान करना बड़ी जिम्मेदारी होगी। ताजपोशी समारोह को जीरकपुर की राजनीति और नगर प्रशासन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में समारोह को लेकर भारी उत्साह है।

यूटर्न टाइम

# कमजोर हो रही युवा दिलों की धड़कनें, कम उम्र में हो रहे हार्ट अटैक

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। अब हार्ट अटैक और हार्ट डिजीज बड़े उम्र के लोगों के लिए ही आरक्षित नहीं है , बल्कि 20 से 35 साल के लोग भी अचानक इसका का शिकार हो रहे हैं। इनमें से कई तो दिखने में एकदम फिट नजर आते हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर आरपी सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हृदय रोग के मामलों में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है अस्पतालों की ओपीडी में युवाओं के मामले बढ़ने लगे हैं जो अपने दिल के संबंधित समस्या को लेकर आ रहे हैं या जांच में होने कोई हृदय रोग संबंधी समस्या देखने में सामने आ रही है इनमें ज्यादातर लड़के होते हैं। उन्होंने बताया कि हार्ट डिजीज अक्सर बिना लक्षण दिखाए बढ़ती है और कई बार पहला लक्षण ही हार्ट अटैक होता है।

आलस पूर्ण जीवनशैली, कम शारीरिक श्रम, स्ट्रेस और गलत खानपान बड़े कारण

**केस-1.** उम्र 26 वर्ष, शादी से ठीक पहले हार्ट अटैक 26 वर्षीय युवक को शादी से कुछ दिन पहले अचानक हार्ट अटैक आया। जांच में पता चला कि हृदय की धमनियों में क्लॉट था। इलाज के बाद स्थिति सुधरी और



उसकी शादी भी हुई। बाद में घरवालों को पता चला कि वह नियमित स्मोकर था। जीवन शैली और खानपान में कमियां थी

**केस-2-** उम्र 22 वर्ष, बायपास सर्जरी

एक और युवा मरीज को अचानक थकान और सीने में भारीपन और जकड़न महसूस हुई। जांच में उसकी तीन हृदय धमनियां ब्लॉक मिलीं और बायपास सर्जरी करनी पड़ी। चिकित्सकों के मुताबिक समस्या जेनेटिक थी, साथ ही उसकी फिजिकल एक्टिविटी बेहद कम थी।

**केस-3-** उम्र 32 वर्ष, जिम जाने वाला युवक

32 वर्षीय युवक रोज जिम जाता था। पिछले साल रात करीब 3 बजे उसे सीने में तेज दर्द हुआ और उसे मेजर हार्ट अटैक आया। मुख्य ऑर्टरी ब्लॉक पाई गई। एंजियोप्लास्टी के बाद चार महीने की दवाई से अब हालत स्थिर है।

**किन लक्षणों का रखें ध्यान**

सीने में कसाव या भारीपन, जबड़े-गर्दन या बाजू में दर्द, अचानक थकान, हार्ट बर्न जैसा दर्द, रात में बेचैनी या पसीना हार्ट डिजीज के शुरूआती संकेत हो सकते हैं। ऐसे संकेतों को एसिडिटी या स्ट्रेस समझकर टालना नहीं चाहिए।

**कैसे बचे हृदय रोगों से...** 30 मिनट फिजिकल एक्टिविटी जंक फूड, समोकिंग, वेप से दूरी, गर्मियों में हाइड्रेट रहे, अधिक तला भुना ना खाएं

भरपूर नींद ले

वजन और बीपी कंट्रोल रखे

मानसिक तनाव घटाने की आदतें

**रहें अधिक सावधान...** सर्दियो मे तापमान गिरने से आर्टरीज सिकुड़ती हैं। ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। शरीर की आक्सीजन डिमांड बढ़ती है। ऐसे में धूम्रपान करने वालों में रिस्क दोगुना होता है। फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है। इस कारण ठंड का मौसम दिल के लिए ज्यादा संवेदनशील माना जाता है।

## 21 जुलाई को हरियाणा के 4729 शक्ति केंद्रों पर होंगी भाजपा की टिफिन बैठकें



पंचकूला/चंडीगढ़/यूटर्न/19 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए 21 जुलाई को प्रदेश के सभी 4729 शक्ति केंद्रों पर एक साथ टिफिन बैठकों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन बैठकों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिंजौर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता राई और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा गन्नौर शक्ति केंद्र पर कार्यकताओं के बीच मौजूद रहेंगे। विशेष बात यह रहेगी कि सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता अपने-अपने घर से टिफिन लेकर आएंगे और सहभोज करेंगे।

रविवार को पंचकमल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सभी 26 जिलों के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सशक्त शक्ति केंद्र ही मजबूत संगठन की नींव हैं, इसलिए प्रत्येक शक्ति केंद्र पर बूथ समितियों के गठन, 'मन की बात' कार्यक्रम और डिजिटल लर्निंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टिफिन बैठकों का उद्देश्य कार्यकताओं के बीच आत्मीयता, संवाद और समन्वय बढ़ाना है। वहीं संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ आधारित है और मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता का आधार बनते हैं।

## कांग्रेस का वादा: सरकार बनी तो 100 दिनों में हंडेसरा को बनाएंगे उपतहसील

### माहलां में जनसंपर्क के दौरान अमित बावा सैनी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



लालड़ू/यूटर्न/19 जुलाई। हंडेसरा को उपतहसील का दर्जा देने की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर कांग्रेस ने बड़ा चुनावी वादा किया है। कांग्रेस के डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि एवं डेलीगेट अमित बावा सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहले 100 दिनों के भीतर हंडेसरा को उपतहसील बनाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

अमित बावा सैनी गांव माहलां में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के दौरान आसपास के गांवों के लोगों से मुलाकात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी उन्होंने चार नवंबर 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को ज्ञापन सौंपकर हंडेसरा को उपतहसील बनाने की मांग उठाई थी। हालांकि, बाद में प्रदेश में सरकार बदल जाने के कारण यह मामला अधर में लटक गया। उन्होंने कहा कि हंडेसरा क्षेत्र के लोगों को राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर जाना पड़ता है। उपतहसील बनने से ग्रामीणों के जमीन संबंधी दस्तावेज, रजिस्ट्री, प्रमाणपत्र और अन्य सरकारी कार्य स्थानीय स्तर पर हो सकेंगे। इससे लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य समस्याएं भी कांग्रेस प्रतिनिधियों के समक्ष रखीं।

## हड़ताल के बीच भी नहीं रुकेगा ग्रामीण मजदूरों का रोजगार, हर गांव में दो काम शुरू कर कम से कम 20 मजदूरों को रोजगार देने के निर्देश



डेराबस्सी/यूटर्न/19 जुलाई। ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल के कारण ग्रामीण मजदूरों का पंजीकरण और रोजगार प्रभावित न हो, इसके लिए पंजाब सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने रविवार को ब्लॉक समिति सदस्यों, सरपंचों और पंचों के साथ बैठक कर प्रत्येक गांव में तत्काल रोजगार कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शुरूआत में हर गांव में कम से कम दो विकास कार्य शुरू किए जाएं और न्यूनतम 20 पंजीकृत मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय मांग और कार्यों की उपलब्धता के अनुसार मजदूरों की संख्या बाद में बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल के कारण मजदूरों के बीच यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि सरकार योजना को लागू करने के प्रति गंभीर नहीं है। जबकि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पंजीकृत ग्रामीण मजदूर का रोजगार प्रभावित न हो। रंधावा ने कहा कि नए जॉब कार्ड बनाने, मस्टर रोल तैयार करने और पंजीकरण से जुड़े कार्यों के लिए अन्य योजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सरपंचों को मेट और मजदूरों से संपर्क कर तुरंत काम शुरू करवाने तथा उपस्थिति का सही रिकॉर्ड तैयार कराने को कहा गया है। बैठक में गांवों में पहले से अधूरे पड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े काम, पौधारोपण, सिंचाई चैनल, खालों का निर्माण, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों से संबंधित स्थायी कार्य शामिल हैं।

## कांग्रेस नेताओं ने भजनलाल को दी श्रद्धांजलि, संगठन मजबूती पर किया मंथन



पंचकूला/यूटर्न/19 जुलाई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र रविवार को पंचकूला पहुंचे। दोनों नेताओं ने सेक्टर-15 स्थित बिश्नोई भवन में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। बैठक में प्रदेश के जनहित से जुड़े मुद्दों, संगठन की मौजूदा स्थिति और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं नेताओं के समक्ष रखीं।

बैठक के दौरान जिला संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच सक्रिय रहने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया गया। नेताओं ने आगामी जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर पंचकूला के विधायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्र मोहन, कालका के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौहान सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजली गई तो पानी भी छिना, टेकू कॉलोनी के लोगों ने सड़क पर उतरकर जताया गुस्सा

## 48 घंटे के संकट से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कॉलेज रोड जाम कर प्रशासन को दी हाईवे जाम की चेतावनी

डेराबस्सी/यूटर्न/19 जुलाई। डेराबस्सी की टेकू कॉलोनी में पिछले 48 घंटे से जारी बिजली संकट ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण कॉलोनी में पानी की सप्लाई भी बंद हो गई, जिससे रविवार को लोगों का धैर्य जवाब दे गया। बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा घरों से निकलकर कॉलेज रोड पर एकत्र हुए और सड़क जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी के मुख्य ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के बाद से बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकी। विभाग के कर्मचारी कई बार मौके पर पहुंचे, लेकिन हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर लौट गए। कुछ समय बाद फिर बिजली गुल हो जाती है। लगातार दो दिनों से बिजली नहीं होने के कारण घरों में पानी की मोटरें बंद पड़ी हैं, इनवर्टर जवाब दे चुके हैं और लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सड़क जाम के कारण कॉलेज रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने दोपहिया वाहनों को भी आगे नहीं बढ़ने दिया। इससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अन्य राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि एक घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे चंडीगढ़-अंबाला हाईवे जाम करेंगे।

प्रदर्शन में शामिल स्थानीय निवासी बलिहार सिंह बल्ली ने कहा कि लोग मुफ्त बिजली नहीं मांग रहे, बल्कि समय पर नियमित बिजली चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब बिजली ही नहीं होगी तो पानी की सप्लाई कैसे चलेगी। सरकार और बिजली विभाग को लोगों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग से पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर लगाने, पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बनने के लिए स्थायी समाधान करने की मांग की। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।






# राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए जालंधर तैयार, मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

जालंधर/यूटर्न/19 जुलाई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दिसंबर में जालंधर के रायजादा हंसराज स्टेडियम में होने वाली सब-जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अत्याधुनिक इनडोर बैडमिंटन हॉल के निर्माण के लिए 2.14 करोड़ रुपये की विशेष अनुदान राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 44 वर्ष बाद राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का जालंधर लौटना पंजाब की खेल संस्कृति और बढ़ती खेल जीवंतता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद रायजादा हंसराज स्टेडियम 10 इनडोर बैडमिंटन कोर्ट वाला पंजाब का पहला खेल परिसर बनेगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी की क्षमता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और कोचों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के विकास और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए लगातार निवेश करती रहेगी।

# रानी माजरा स्कूल के 18 खिलाड़ियों को मिली स्पोर्ट्स किट

## ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहरे

लालड़ू/यूटर्न/19 जुलाई। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रानी माजरा में पंजाब सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी एसएएस नगर रूपेश कुमार की अगुआई में स्कूल के 18 खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। किट में ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज शामिल थे।

कार्यक्रम में गांव रानी माजरा के सरपंच गुरमीत गिर और स्कूल की प्रिंसिपल बलविंदर कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिला खेल अधिकारी रूपेश कुमार ने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर पंजाब का नाम रोशन कर सकें। सरपंच गुरमीत गिर ने बताया कि डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के नेतृत्व में गांव और आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए एथलेटिक्स कोच की व्यवस्था की गई है। एथलेटिक्स कोच प्रितपाल सिंह सिद्धू की ओर से युवाओं को सुबह और शाम दौड़, जंप तथा विभिन्न प्रकार के व्यायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिलने से उनमें छिपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। खेल किट मिलने पर खिलाड़ियों ने पंजाब सरकार और खेल विभाग का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल बलविंदर कौर और सरपंच गुरमीत गिर ने जिला खेल अधिकारी रूपेश कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एथलेटिक्स कोच प्रितपाल सिंह सिद्धू, लेक्चरर सुंदरी, लेक्चरर जयपाल, अध्यापिका कमलदीप कौर, विभा मदान और अध्यापक रवि कुमार सहित स्कूल स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# फिटनेस और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में कीर्ति सुरेश




अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अपने नए ग्लैमरस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। तस्वीर में उनका फिट और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। नेचुरल मेकअप, स्टाइलिश आउटफिट और सादगी भरे लुक में अभिनेत्री बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी फिटनेस और फैशन सेंस की जमकर सराहना कर रहे हैं। कीर्ति सुरेश का यह अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# अकालियों का शक्ति प्रदर्शन, एसआर क्लेर ने कार्यकर्ताओं के साथ भरी हुंकार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जुलाई। शिरोमणि अकाली दल को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावशाली बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य, पूर्व विधायक और जगरांव हलका इंचार्ज एस.आर. क्लेर ने आज जगरांव के गांव कोठे आठ चक्क में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ एक विशेष बैठक की।

## संगठन को धार देने की रणनीति

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु शिरोमणि अकाली दल को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना और पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाना था। क्लेर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में पार्टी को हर घर तक पहुंचाने के लिए हमें पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरना होगा। उन्होंने बूथ प्रबंधकों को सतर्क रहने और जनसंपर्क अभियान को और अधिक गति देने का आह्वान किया।

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प



### बैठक में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी की मजबूती के लिए समर्पित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं : शिवराज सिंह सरपंच, सर्कल प्रधान जगतार सिंह गिल, जसजीत सिंह, जगरूप सिंह, अमरजीत सिंह (पूर्व सरपंच), डॉ. गुरमीत सिंह, जिंदर सिंह, मिलव सिंह धालीवाल (ज्ञानी), केवल सिंह (मेम्बर) इस बैठक ने स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं में नया जोश भर दिया है और पार्टी की भविष्य की रणनीतियों को एक नई दिशा दी है।

# प्रमोटर भल्ला की पहल से सेंट्रा ग्रीन्स में खत्म हुआ विवाद, फ्रेंडली माहौल में चुनी गई नई कार्यकारिणी





लुधियाना/यूटर्न/19 जुलाई। सेंट्रा ग्रीन्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन में पिछले कुछ समय से चला आ रहा आपसी विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। सोसायटी के प्रमोटर राजीव भल्ला की पहल और सदस्यों के बीच आपसी सहमति बनने के बाद रविवार को शांतिपूर्ण और फ्रेंडली माहौल में चुनाव संपन्न हुए। चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसे सोसायटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। नई कार्यकारिणी में सुरिंदर कुमार प्रभाकर को प्रधान, योगेश मदान को उपप्रधान, गौरव अग्रवाल को महासचिव, रविंदर धांडा को संयुक्त सचिव, अमित गर्ग को वित्त सचिव, संजीव गुप्ता को मेंटेनेंस सचिव, सतपाल सिंह मक्कड़ को क्लब सचिव, कामिनी शुक्ला को सांस्कृतिक सचिव तथा सिमरनजोत सिंह सेठी को खेल सचिव चुना गया। इसके अलावा विरेंद्र कुमार वाधवा, गौरव कुंद्रा और राम एबॉट को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से चल रहे मतभेदों के कारण सोसायटी का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था, लेकिन रविवार को सभी पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद विवाद का समाधान हो गया। चुनाव प्रक्रिया भी पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और सदस्यों ने एकजुट होकर नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी। चचाओं अनुसार, सोसायटी सदस्य शिव नेतर वर्मा और अन्य सदस्यों के बीच चल रहा विवाद भी समाप्त हो गया है। चर्चा है कि सोमवार को कोर्ट केस वापस लेने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

# गगन सोसायटी पार्क में आधुनिक हट का लोकार्पण, मेयर ने किया पौधारोपण



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/19 जुलाई। वार्ड नंबर चार स्थित गगन सोसायटी पार्क में लोगों की सुविधा के लिए तैयार आधुनिक हट का रविवार को मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने लोकार्पण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद उमेश गर्ग 'गोगी' और स्थानीय निवासियों ने उनका स्वागत किया।

मेयर ने बताया कि हट में पंखों की व्यवस्था भी की गई है, जिससे गर्मी के मौसम में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को आरामदायक स्थान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाने और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकार्पण के बाद मेयर ने पार्क में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। मेयर ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करना सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

# नन्हे हाथों ने भरी हरियाली की उड़ान



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जुलाई। सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव में प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रीया खुराना के कुशल मार्गदर्शन में, प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ 'ग्रीन डे' मनाया।

**हरियाली के रंग में रंगा स्कूल**

इस विशेष दिन के लिए पूरे स्कूल परिसर को हरे-भरे माहौल में सजाया गया था। विद्यालय के नन्हे छात्र हरे रंग की सुंदर पोशाकों में सज-धज कर पहुंचे, जिससे पूरा प्रांगण खुशहाल और जीवंत नजर आ रहा था।

**नाटक के जरिए दिया संदेश...**कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण लघु नाटक रहा। अपनी मासूमियत और अद्भुत आत्मविश्वास से बच्चों ने मंच पर 'वृक्षारोपण' और 'पर्यावरण संरक्षण' का संदेश दिया। उन्होंने संदेश दिया कि कैसे छोटे-छोटे प्रयासों से पृथ्वी को हरा-भरा और सुरक्षित बनाया जा सकता है। बच्चों की बेहतरीन अभिनय कला ने वहां उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया और पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**शिक्षा के साथ संस्कार:** इस अवसर पर प्रिंसिपल सुप्रीया खुराना ने कहा, ऱ्ऐसी गतिविधियाँ न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं, बल्कि उनमें बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।ऱ उन्होंने बच्चों को एक पौधा लगाने और उसे बड़ा करने का संकल्प दिलाया।

**सफलता का जश्न...**विद्यालय प्रबंध समिति ने इस सफल आयोजन के लिए प्रिंसिपल, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में नन्हे बच्चों ने इस यादगार दिन की तस्वीरों के साथ अपनी खुशियां साझा कीं।

## ढकोली की झुग्गियों में महिला की संदिग्ध मौत, परिजनों के आने के बाद खुलेगा राज

जीरकपुर/यूटर्न/19 जुलाई। ढकोली के पीर मुच्छल्ला स्थित झुग्गी बस्ती में रहने वाली 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, जिसके चलते पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। मृतका की पहचान सुधा (35) पत्नी मिथलेश, मूल निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जांच अधिकारी निरमल सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों और उत्तर प्रदेश में रहने वाले अन्य रिश्तेदारों को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि फिलहाल महिला की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372